विधान सभा सचिवालय

मध्य प्रदेश

समाचार

सोलहवीं मध्य प्रदेश विधानसभा के तृतीय सत्र की अधिसूचना जारी,

1 जुलाई, 2024 से आरंभ होगा सत्र

भोपाल दिनांक 30 मई,2024

मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का तृतीय सत्र सोमवार दिनांक 1 जुलाई, 2024 से आरंभ होकर शुक्रवार दिनांक 19 जुलाई 2024 तक चलेगा। राज्यपाल महोदय द्वारा अनुमोदित तदाशय की अधिसूचना विधानसभा सचिवालय द्वारा आज जारी कर दी गई है ।

विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री अवधेश प्रताप सिंह के अनुसार इस 19 दिवसीय सत्र में सदन की कुल 14 बैठकें होंगी, जिसमें बजट पेश होगा एवं अन्य महत्वपूर्ण शासकीय कार्य संपादित किए जाएंगे ।

इस हेतु विधानसभा सचिवालय में अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 19 जून, 2024 तथा अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 20 जून, 2024 तक प्राप्त की जावेंगी। जबकि स्थगन प्रस्ताव, ध्यान आकर्षण, नियम 267 - क के अधीन सूचनाएं विधानसभा में दिनांक 25 जून, 2024 से कार्यालय में पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक प्राप्त की जावेंगी।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का यह तृतीय सत्र होगा।

विस/जसं/ 24

नरेंद्र मिश्रा

अवर सचिव